प्रेस नोट, जालौन पुलिस

दिनांक – 18.12.2024

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा हत्या की घटना में वांछित अभियुक्त अमित बेलदार को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

अवगत कराना है कि दिनांक 13.12.2024 को कोतवाली जालौन में ग्राम प्रधान खजुरी कमलेश कुमार पुत्र श्री नेकसाई निवासी ग्राम खजूरी कोतवाली जालौन जनपद जालौन द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम खजुरी मे नहर बम्बा के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ है। इस संबन्ध में ग्राम प्रधान की सूचना के आधार पर कोत0 जालौन पर मु0अ0सं0- 393/24 धारा 103(1)/238 BNS बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया था। शव की शिनाख्त ज्योती पत्नी अमित निवासी नारोभास्कर थाना जालौन के रूप में हुई थी। घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था इसी क्रम में मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 16.12.2024 अभियुक्तगण 1. रामप्रकाश पुत्र स्व0 मानसिंह 2. जितेन्द्र उर्फ जीतू बेलदार स्व0 मानसिंह निवासी मोहल्ला उमरारखेडा कोत0 उरई जनपद जालौन को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है एवं अभियुक्तगण निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक बांका बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा चुकी है।

पुछताछ से प्रकाश में आये अभियुक्त अमित बेलदार उर्फ अमित चौहान (मृत्तिका का पति) पुत्र जगदीश बेलदार उम्र करीब 33 वर्ष निवासी, मूल पता कालिन्द्री टाकीज मोहल्ला गणेश जी कस्बा व थाना जालौन जनपद जालौन को मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 18.12.2024 को थाना जालौन क्षेत्रान्तर्गत चुंगी नम्बर 04 के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1- अमित बेलदार उर्फ अमित चौहान पुत्र जगदीश बेलदार उम्र करीब 33 वर्ष निवासी, मूल पता कालिन्द्री टाकीज मोहल्ला गणेश जी कस्बा व थाना जालौन जनपद जालौन, अस्थाई निवास .. 101 चौधरी चरण सिंह स्कूल के सामने मोहल्ला उमरार खेड़ा थाना कोतवाली उरई जिला जालौन, हाल पता नालासुपारा थाना नालासुपारा वेस्ट जिला पालघर महाराष्ट्र

पुलिस टीम का विवरण-

2. प्रभारी निरीक्षक जालौन मय पुलिस टीम।